आपके शिशु ने नवजात शिशु के लिए श्रवणशक्ति की जाँच को पास कर लिया

क्या कोई शिशु श्रवणशक्ति की जाँच में पास हो जाए तब भी उसकी श्रवण शक्ति कम हो सकती है?

हाँ। शिशु की श्रवण शक्ति किसी भी समय बदल सकती है।

अगर इस समय या भविष्य में कभी भी – आपके शिशु के लिए इनमें से कोई भी कथन सच हो, तो अपने शिशु के स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से बात करें या किसी हेल्थ क्लिनिक से संपर्क करें:

- **मेरे शिशु के जन्मदाता माता-पिता या उनके परिवार के कोई करीबी सदस्य बहरे थे या उन्हें बचपन में सुनने में तकलीफ थी।**
- **मेरा शिशु अस्पताल के "NICU" या "PICU" में था – जिसे नवजात शिशु के लिए सघन देखभाल इकाई (neonatal intensive care unit) या बच्चों के लिए सघन देखभाल इकाई (pediatric intensive care unit) भी कहा जाता है।**
- **मेरे शिशु को एक्सचेंज ट्रांसफ्यूज़न दिया गया था – यह एक खास तरह का खून का ट्रांसफ्यूज़न होता है।**
- **मेरे शिशु के कान में कई संक्रमण हैं या हुए थे।**
- **मेरे शिशु को सिर पर चोट लगी है या लगी थी।**
- **मुझे नहीं लगता कि मेरा शिशु अच्छे से सुन सकता है।**
- **मुझे नहीं लगता कि मेरा शिशु अच्छे से बात कर सकता है।**
- **मेरे शिशु का व्यवहार इस कागज़ के पीछे दी हुई श्रवण शक्ति की जाँचसूची से अलग है।**

पृष्ठ के पीछे वाले हिस्से में जारी

श्रवण शक्ति की जाँचसूची

यहाँ पर कुछ चीज़ें हैं जो अगर वह बहरा या श्रवण शक्ति में समस्या वाला न हो, तो कोई शिशु आम तौर पर कर सकता है:

जन्म से 3 महीने

- ☐ ध्वनि सुन कर चौंक जाता है
- ☐ माता-पिता या देखभाल करने वाले की आवाज़ से शांत हो जाता है
- ☐ आपकी आवाज़ की दिशा में अपना सिर घुमाता है

3 से 6 महीने

- ☐ आपकी आवाज़ को खोजने के लिए आँखें और सिर घुमाता है
- ☐ कई अलग-अलग आवाज़ें बड़बड़ाता है
- ☐ ध्वनि करने वाले खिलौनों को पसंद करता है

6 से 9 महीने

- ☐ अपने नाम को सुनकर प्रतिक्रिया देता है
- ☐ “नहीं” और “बाय-बाय” जैसे आसान शब्द समझता है
- ☐ “पा-पा” या “मा-मा” कहता है

9 से 12 महीने

- ☐ सरल शब्द और ध्वनियाँ दोहराता है
- ☐ “मा-मा” या “पा-पा” के अलावा 2 से 3 अन्य शब्द इस्तेमाल करता है
- ☐ माँगने पर खिलौने देता है
- ☐ संचार में सहायता के लिए चीज़ों की ओर उंगली से इशारे करता है

12 से 18 महीने

- ☐ 7 या अधिक सच्चे शब्दों का इस्तेमाल करता है – शिशु की बड़बड़ाहट को छोड़कर
- ☐ बोले जाने वाले सरल निर्देशों का पालन करता है
- ☐ कई चीज़ों को नाम से माँगता है

अधिक जानकारी के लिए न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग (New York State Department of Health) के जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम (Early Intervention Program) से संपर्क करें:

फ़ोन: **(518) 473-7016**

ईमेल: **beipub@health.ny.gov**

health.ny.gov/EHDI

NEW YORK STATE | Department of Health

21485 (Hindi)

1/25